प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.09.2024 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा छोड़ समाज की मुख्यधारा में लौटने का किया आग्रह, कहा– सरकार करेगी उनकी समस्याओं का समाधान।**
2. **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– घुसपैठ और भ्रष्टाचार भाजपा को बर्दाश्त नहीं, राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आ गया है वक्त।**
3. **विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर आयेगी झारखंड।**
4. **झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद करने के मामले में राज्य सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब।**
5. **कोयला राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने ईसीएल की राजमहल परियोजना की समीक्षा की, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश, स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हुए शामिल।**

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी समस्याओं को हल करने का हर संभव प्रयास करेगी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए हिंसा का रास्ता अपनाना उचित नहीं है।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घुसपैठ और भ्रष्टाचार को लेकर आज राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। चतरा जिले के ईटखोरी हाईस्कूल मैदान से भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सोरेन सरकार ने भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रथाओं के साथ खिलवाड़ किया है।

****

रक्षा मंत्री ने गढ़वा जिले के नगर उंटारी स्थित वंशीधर नगर के गोसाई बाग स्थित मैदान में भी एक जनसभा को संबोधित किया। पलामू प्रमंडल के लिए परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ भाजपा को बर्दाश्त नहीं है।

****

इधर, गिरिडीह जिले के अंटा मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से जनता त्रस्त है और लोग बदलाव के लिए भाजपा की ओर देख रहे हैं।

सभा को संबोधित करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकना है।

****

इस बीच झामुमो की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने भाजपा पर पलटवार किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में केन्द्र सरकार अपनी विफलता का ठीकरा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर फोड़ रही है।

****

झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अक्टूबर के पहले सप्ताह में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। श्री चौहान ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी का घोषणापत्र इस महीने के अंत में जारी किया जायेगा।

****

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर रांची आएगी। टीम में मुख्य चुनाव आंयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित करीब एक दर्जन अधिकारी होंगे।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर इंटरनेट सेवा बंद किये जाने के राज्य सरकार के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने इस मामले में सरकार से जवाब तलब किया है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि न्यायधीश आनंद सेन और अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ ने आज इस मामले में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को चार सप्ताह में शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान सरकार ने मध्यम वर्ग, संरचनाओं, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए 15 लाख करोड रुपये की परियोजनाएं शुरू की।

****

कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने आज साहिबगंज जिले के मडरो प्रखंड स्थित जीवाश्म पार्क में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने राजमहल में ईसीएल परियोजना के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

****

मोटा अनाज को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने का असर बोकारो जिले में दिखाई पड़ रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****